5 अक्तूबर 2012

जिला प्रशासन का गांव चौशाला (खण्ड कलायत) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. 65 जरूरतमंद परिवारों को इंदिरा प्रिय दर्शनी विवाह शगुन योजना के तहत चैक वितरित किए गए।

2. चौशाला गांव की आठ गर्भवती महिलाओं ने स्वेच्छा से उपायुक्त द्वारा रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण जांच न करवाने, सरकारी अस्पताल में प्रसव प्रक्रिया करवाने तथा कन्या भ्रूण हत्या न करवाने की शपथ ग्रहण की।

3. पुलिस अधीक्षक श्री कुलदीप सिंह यादव ने चौशाला गांव को शान्तिप्रिय गांव घोषित किया। उन्होने खुलासा किया कि इस गांव में पिछले 10 वर्षो में कोई आपसी झगड़ा नही हुआ।

4. स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस कार्यक्रम के दौरान आयोजित किए गए स्वास्थ्य परिक्षण शिविर में 611 लोगों का उपचार किया गया तथा दवाईयां मुफत दी गई।

5. समाज कल्याण विभाग द्वारा 26 वृद्वों के वृद्वावस्था सम्मान भत्ता योजना के फार्म पूरे किए गए।

6. मछली पालन विभाग द्वारा 16 लाख रूपये के ऋण मंजुर किए गए, जिनमें दो लाख 20 हजार रूपए की अनुदान राशि शामिल है।

7. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 20 राशन कार्ड बनाए गए।

8. पशुपालन विभाग ने 221 से अधिक मवेशियों का ईलाज मौके पर ही किया।

9. जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के माध्यम से लगाए गए स्टाल के माध्यम से प्राधिकरण के सदस्यों ने 450 से अधिक लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता देकर जागरूक किया।

10. जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करने के दृष्टिगत स्थानीय भाषा में एक प्रभावशाली नाटक प्रस्तुत करवाया गया।

11. जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे संरक्षण की मुहिम के तहत गांव चौशाला में 345 पानी के कनैक्शन जारी किए गए।

12. रात्रि ठहराव के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों ने ग्राम वासियों के साथ जल संरक्षण की शपथ भी ग्रहण की।

13. उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों ने इस कार्यक्रम के दौरान 248 कुंडी कनैक्शन नियमित किए। गांव में दो ट्रांसफार्मर लगाए गए तथा बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 1000 मीटर एसीएसआर तार बदली गई।

14. जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों तथा ग्राम पंचायत के सदस्यों ने स्कूल परिसर में पौधा रोपण किया।

15. राजस्व विभाग ने भूमि इंतकाल के 16 मामले निपटाए।

16. रात्रि ठहराव के अगली सुबह 6 अक्तूबर को ग्राम वासियों के साथ परस्पर विचार–विमर्श के उपरान्त गांव के जलघर के तालाब की चारदिवारी के निमार्ण के लिए उपायुक्त द्वारा दो लाख 43 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई।

17. गांव की अंपग लड़की को तिपहिया साईकिल दिलवाने, बिना मां–बाप की पांच बेटियों वाले परिवार को आर्थिक मदद दिलवाने की भी घोषणा हुई।

18. हरिजन मौहल्ले की गली को पक्का करने के लिए 22 लाख रूपये की धनराशि मंजूर की गई।

19. बैकवर्ड क्लास की चौपाल की मुरम्मत करवाने की भी घोषणा हुई।

20. स्कूल परिसर में स्कूली छात्र–छात्राओं की अलग–अलग से 100 मीटर की दौड़ करवाई गई, विजेता बच्चों को खेल विभाग की योजना के तहत नगद पुरस्कार भी दिए गए।